अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

कौन से पार्क, मनोरंजन स्थल खुले हुए हैं?
4 जून तक, ज़्यादातर राज्य-प्रबंधित सार्वजनिक स्थल **दिन में आने** के लिए फिर से खुल चुके हैं।

ऐसी कई काउंटीज़ में **कैम्पिंग** फिर से खुलने जा रही है जो Gov. Jay Inslee की सुरक्षित प्रारंभ योजना के चरण 2 में पहुँच चुकी हैं।

चरण 2 वाली काउंटीज़ में राजकीय पार्कों में राज्य-प्रबंधित बोट लॉन्च और मरीना भी खुले हुए हैं।

कैम्पग्राउंड्स, पार्कों और अन्य राज्य-प्रबंधित मनोरंजन स्थलों की मौजूदा स्थिति का पता लगाने के लिए इन्हें देखें:

- Washington State Parks — पार्कों की स्थिति
- Washington Department of Fish and Wildlife — बंद पड़े स्थानों और प्रतिबंधों की सूची
- Washington State Department of Natural Resources — मनोरंजन स्थलों का खुलना

नोट: हो सकता है काउंटी अधिकारियों के निर्देशों के आधार पर, चरण 2 वाली काउंटीज़ में कुछ पार्क तुरंत कैम्पिंग के लिए **न खुलें**। Washington State Parks कैम्पिंग को फिर से खोलने का सबसे अच्छा तरीका ढूँढने के लिए इन समुदायों का समर्थन करता है और लगातार इनके साथ काम कर रहा है।

क्या मुझे एक Discover Pass की ज़रूरत है?
हाँ। राजकीय मनोरंजन स्थलों तथा Washington State Parks और Department of Natural Resources (DNR) द्वारा प्रबंधित जल-उपयोग स्थलों पर आपके वाहन को खड़ा करने के लिए Discover Pass की ज़रूरत है। इन जगहों में राजकीय पार्क, जल-उपयोग स्थल, हेरिटेज साइट्स, वन्य जीवन और प्राकृतिक क्षेत्र, DNR कैम्पग्राउंड्स, ट्रेल्स और ट्रेलहेड्स तथा सभी DNR-प्रबंधित ऊँची या पहाड़ी भूमि वाले क्षेत्र शामिल हैं। राजकीय पार्कों में केवल दिन में आने की विज़िट्स के लिए Discover Pass की ज़रूरत है।

Washington Department of Fish and Wildlife (WDFW) द्वारा प्रबंधित क्षेत्रों में भी Discover Pass की ज़रूरत है। इसमें जल-उपयोग और वन्य जीवन क्षेत्र शामिल हैं, जब तक कि आपके पास शिकार करने या मछली पकड़ने का योग्य लाइसेंस खरीदने के साथ जारी किया गया Vehicle Access Pass पहले से मौजूद न हो।

क्या मुझे उस अवधि के लिए अपने Discover Pass के लिए एक्सटेंशन या रिफंड मिल सकता है जब राजकीय स्थल बंद थे?
हम Discover Passes के लिए रिफंड नहीं दे रहे हैं या उनकी अवधि नहीं बढ़ा रहे हैं।

सालाना Discover Pass की कीमत $30 है। एक डे पास की कीमत $10 है, इसलिए केवल तीन विज़िट्स में ही एक सालाना पास की कीमत वसूल हो जाती है।

12 महीनों के लिए, उसकी मासिक कीमत $2.50 है। राजकीय क्षेत्र 23 मार्च से 5 मई तक, बस पाँच सप्ताह से अधिक समय के लिए बंद थे।

इस बार स्प्रिंग में State Parks (स्टेट पार्क्स) ने आमदनी में बहुत ज़्यादा नुकसान का अनुभव किया है — जो पिछली बार बड़े पैमाने पर मंदी में हुई बड़ी कटौतियों के अलावा है।

हालाँकि, इन गर्मियों में और इसके बाद भी हम आपसे वॉशिंग्टन में राजकीय पार्कों का आनंद लेने का अनुरोध करते हैं ताकि आप अपने पास से ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा हासिल कर सकें।

क्या खेल के मैदान खुले हैं?
COVID-19 के संपर्क में आने की घटनाओं को कम करने के लिए अगली सूचना तक State Parks (स्टेट पार्क) के खेल के मैदान बंद हैं।

क्या रेस्टरूम्स खुलेंगे?
हाँ। जो पार्क खुले हैं, वहाँ दिन में आने के लिए खुली जगहों और उन क्षेत्रों में रेस्टरूम्स उपलब्ध होंगे जहाँ कैम्पग्राउंड्स खुले हुए हैं। कुछ जगहों पर और बंद पड़े कैम्पग्राउंड्स में रेस्टरूम्स बंद हो सकते हैं।

तैयार रहें। कृपया अपना व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, पानी, साबुन, हैंड सैनिटाइज़र और टॉयलेट पेपर लाएं, और हर उस चीज़ को पैक करके वापस ले जाएं जिसे आप अपने साथ लाए थे।

विज़िटर सेंटर्स और पार्क बिल्डिंग्स की तरह, पार्क के ऑफ़िस भी आम लोगों के लिए बंद हैं।

क्या डॉक्स, मॉरज और मरीन पार्क परिसर खुले हैं?
डॉक का उपयोग करने की इजाज़त है, और मॉरज उन पॉर्क्स में उपलब्ध है जो खुले हुए हैं। डॉक्स का उपयोग करने वाले लोगों को उन लोगों से भौतिक दूरी बनाकर रखनी होगी जो उनके परिवार के सदस्य नहीं हैं।

मरीन स्टेट पार्क के रेस्टरूम्स सीमित आधार पर खुलेंगे। कृपया अपना कचरा पैक करें, और आइलैंड्स पर पीने के पानी की उम्मीद न करें।

क्या एंकरिंग की निगरानी की जाएगी या उसे नियंत्रित किया जाएगा? डिंगीज़ के लिए बीच लैंडिंग की जगहों का क्या होगा?
COVID-19 की वजह से बंद होने से पहले की स्थिति के मुताबिक एंकरिंग की निगरानी की जाएगी और उसे नियंत्रित किया जाएगा। कोई विशेष नियम लागू नहीं हैं।

क्या पम्पआउट्स खुले हैं और काम कर रहे हैं?
राजकीय पार्क में स्थित कुछ पम्पआउट्स खुले हुए हैं।

वॉशिंग्टन में ज़्यादातर पम्पआउट्स सार्वजनिक या निजी मरीना में स्थित हैं। नाव चलाने वालों को यह पता लगाने के लिए मरीना से पूछना होगा कि क्या वे खुले हुए हैं और पम्पआउट्स काम कर रहे हैं। वॉशिंग्टन में पम्पआउट की जगहों के लिए, निम्न पर जाएं: parks.state.wa.us/657/Pumpout

अगर कोई पार्क केवल दिन में आने के लिए खुला है, तो वह पार्क कितने बजे बंद होता है?
दिन में आने के लिए खुले पार्क शाम को बंद कर दिए जाते हैं।

क्या मुझे अपनी कैम्पिंग या रातभर ठहरने के रिज़र्वेशन के लिए पूरा रिफंड मिलेगा?
यह निर्भर करता है...

- **जगहें बंद होने से प्रभावित रातभर ठहरने वाले विज़िटर्स**: हम रातभर ठहरने वाले उन विज़िटर्स को पूरा रिफंड देने के लिए संपर्क कर रहे हैं जिनके रिज़र्वेशन्स जगह बंद होने से प्रभावित हुए हैं।
- **जो कैम्पिंग पार्क्स खुले हुए हैं, वहाँ आने वाले विज़िटर्स को** रातभर ठहरने के लिए पूरा रिफंड मिल सकता है, जिसमें से दो नॉन-रिफंडेबल ट्रांज़ैक्शन फीस ($8 से $10 की रिज़र्वेशन फीस और $8 से 10 की कैन्सलेशन फीस) को घटा दिया जाएगा। ऑनलाइन भुगतान करने पर रिज़र्वेशन फीस $8 है और फ़ोन द्वारा भुगतान करने पर वह $10 है।

अगर आपके मौजूदा कैम्पिंग रिज़र्वेशन के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो कृपया (888) CAMPOUT या (888) 226-7688 पर कॉल करें।

अगर मेरे पास किसी ऐसे पार्क के लिए रिज़र्वेशन है जो वर्तमान में कैम्पिंग के लिए बंद है तो क्या होगा? मुझे कब पता चलेगा कि मेरा रिज़र्वेशन रद्द हो गया है या नहीं?
जब तक हम इस बदलती स्थिति से निपटते हैं तब तक सब्र करने के लिए आपका धन्यवाद। हम जानते हैं कि छुट्टियाँ बिताने की आपकी योजना महत्वपूर्ण है, और हम उम्मीद करते हैं कि इन गर्मियों में आप वॉशिंग्टन में अपने पसंदीदा राजकीय पार्क में कैम्प लगा पाएंगे।

इस वजह से, हम तब तक रिज़र्वेशन्स को रद्द नहीं करेंगे जब तक हमें यह लगभग पक्का नहीं होगा कि जिस तारीख तक आपने बुक किया है तब तक पार्क नहीं खुलेगा। इसलिए, हो सकता है आपके ठहरने के नियोजित समय से पहले कुछ दिनों तक आपको हमारी ओर से कोई जानकारी न मिले।

अगर हमें किसी ऐसे पार्क में रिज़र्वेशन्स को रद्द करने की आवश्यकता होगी जो कैम्पिंग के लिए बंद रहा है, तो हम ईमेल द्वारा आपसे संपर्क करेंगे, और आपको पूरा रिफंड मिलेगा।

आपके रिज़र्वेशन के बारे में विशिष्ट प्रश्नों के लिए, कृपया 888-CAMPOUT (888-226-7688) पर हमारी रिज़र्वेशन्स टीम से संपर्क करें।

क्या भीड़-भाड़ से जुडी़ समस्याएं होने पर राजकीय स्थल बंद हो जाएंगे?
जैसे-जैसे हम स्थलों को खोल रहे हैं, हम लोगों से सामाजिक दूरी का पालन करना जारी रखने के लिए कह रहे हैं। अगर हम बड़े समूहों को एकत्रित होते हुए या लोगों को सामाजिक दूरी का पालन नहीं करते हुए देखेंगे, तो हमें पार्कों या पार्कों के भीतर जगहों को बंद करने के बारे में सोचना पड़ सकता है।

अगर COVID-19 से ज़ड़ी सुरक्षा-संबंधी नई ससम्याएं उत्पन्न होंगी, तो सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को बचाने के लिए Washington Departments of Fish and Wildlife (WDFW) और Natural Resources (DNR) तथा State Parks (स्टेट पार्क्स) सीमित सूचना के साथ स्थलों को बंद कर सकते हैं।

मैं भीड़-भाड़, कचरे से जुडी़ किसी भी समस्या या वन्य जीवन क्षेत्रों या बोट लॉन्च की अन्य समस्याओं के बारे में WDFW को कैसे जानकारी दे सकता/सकती हूँ?
लोग Washington Department of Fish and Wildlife की वेबसाइट पर समस्याओं की जानकारी दे सकते हैं।

क्या मैं अब भी अपने स्थानीय स्टेट पार्क को साफ़ करने और उसका रखरखाव करने में मदद करने के लिए स्वयं-सेवा कर सकता/सकती हूँ?
इस समय नहीं। हम अपने स्वयंसेवकों और उनकी मेहनत की सराहना करते हैं। हालाँकि, अगली सूचना तक कोई स्वयंसेवी गतिविधियाँ नहीं होंगी। State Parks (स्टेट पार्क्स) आगे चलकर इन गर्मियों में कैम्प होस्ट और अन्य volunteer programs (स्वयंसेवक कार्यक्रमों) को फिर से शुरू करने पर काम कर रहे हैं। अपडेट्स देखेंया ईमेल द्वारा या (360) 902-8583 पर कॉल करके Volunteer Program से संपर्क करें।

केबिन्स और यर्ट्स कब खुलेंगे?
केबिन्स, यर्ट्स और साधारण शेल्टर्स 30 जून तक नई रिज़र्वेशन्स के लिए बंद रहेंगे। जून में खुलने में सक्षम केबिन्स के लिए, मौजूदा रिज़र्वेशन्स को पूरा किया जाएगा।

क्या ग्रूप कैम्पग्राउंड्स खुले हैं?
अगली सूचना तक ग्रूप कैम्प्स बंद हैं।

क्या वेकेशन होम्स खुले हैं?
अगली सूचना तक वेकेशन होम्स बंद हैं।